>

Title: Need to expedite Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana in Deoria and Kushinagar districts of Uttar Pradesh.

श्री गोरख प्रसाद जायसवाल (देवरिया): मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया एवं कुशीनगर के जिलों में ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है और केन्द्र सरकार अपने निर्धारित लक्ष्यों को पूरा नहीं कर पा रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र में 1600 के आसपास गांव हैं, जिसमें अभी तक 700 गांव में ग्रामीण विद्युतीकरण हो पाया है, जिससे छात्रों के पठन पाठन एवं खेती पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। दियारा मोड़ एवं नदियों के आसपास के गांव में भी विद्युतीकरण नहीं हो पा रहा है। यहां पर सौन ऊर्जा क माध्यम से बिजली गांव तक पहुंचाई जा सकती है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया एवं कुशीनगर जिलों में राजीव गांधी विद्युतीकरण के कार्यों में तेजी लाई जाये, जिससे उपरोक्त जिलों में ग्रामीण विद्युतीकरण के लक्ष्य को पूरा किया जा सके एवं इन कार्यों के लिए अधिक धन की व्यवस्था की जाये।